दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 71 (भोपाल: वर्ष 33 अंक 79, पृष्ठ 12) | शुक्रवार 16 फरवरी, 2018 | राजधानी संस्करण। कीमत: रु. 2.25 | www.naiduniaonline.com

आज का मौसम

भोपाल	↑ 24.4°	↓ 10.6°
इंदौर	↑ 25.3°	↓ 12.5°
ग्वालियर	↑ 26.2°	↓ 11.1°
जबलपुर	↑ 24.3°	↓ 11.0°

सूर्योदय- 6.52 सूर्यास्त- 6.17

दूसरे खेलों की तुलना... 11

खास-खबरें...

कावेरी जल विवाद पर सुको में आज फैसला

नई दिल्ली(एजेंसी)। तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच कावेरी जल विवाद पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में फैसला आएगा। चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा, जस्टिस अमिताव रॉय और जस्टिस ए एम खानविलकर की बेंच इस मामले पर फैसला सुनाएगी। यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि कर्नाटक में कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस मामले पर कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल ने फरवरी 2007 के कावेरी ट्रिब्यूनल के अवार्ड को चुनौती दी है। वहीं, कर्नाटक चाहता है कि तमिलनाडु को जल आवंटन कम करने के लिए सुप्रीम कोर्ट आदेश जारी करे।

राहुल को टक्कर दे सकते हैं पायलट

नई दिल्ली(एजेंसी)। राजस्थान के उपचुनाव में जीत दर्ज कराने के बाद कांग्रेस नेता सचिन पायलट पार्टी के लिए एक विकल्प उभरकर सामने आए हैं। माना जा रहा है आगामी चुनावों में पीएम मोदी को टक्कर देने के लिए कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के बजाए पायलट को आगे किया जाएगा। दरअसल उपन्यासकार चेतन भगत ने अपने लेख में इस बात का जिक्र किया है। अपने आर्टिकल में चेतन भगन ने कहा कि भले ही राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष बन गए हैं लेकिन यदि युवा नेता सचिन पायलट को पार्टी का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया जाए तो वह सर्वश्रेष्ठ विकल्प हो सकते हैं।

विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलटों की मौत

नई दिल्ली(एजेंसी)। असम के माजुली जिले में एक वायुयान के दुर्घटनाग्रस्त होने से भारतीय वायुसेना के दो पायलट मारे गए। रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि हल्के वजन का वायुयान जोरहट एयरबेस से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुयान दोपहर में नियमित उड़ान पर निकला था।नयी दिल्ली में अधिकारियों ने बताया कि दो सीटों वाले विमान के मलबे का पता चल गया है और कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं। तेजपुर स्थित रक्षा विभाग के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल हर्षवर्द्धन पांडे ने बताया कि दुर्घटना में मारे गए दोनों पायलटों की पहचान विंग कमांडर जय पॉल जेम्स और विंग कमांडर डी। वत्स के रूप में हुई है।

धर्मशाला में हुए बम ब्लास्ट से दहला इलाका एक आतंकी घायल

आरा(एजेंसी)। बिहार के भोजपुर जिले के शीश महल चौक स्थित हरखेन कुमार जैन धर्मशाला की तीसरी मंजिल पर हुए बम विस्फोट से पूरा इलाका दहल गया। इस ब्लास्ट में एक संदिग्ध आतंकी घायल हो गया। अन्य चार संदिग्ध आतंकी वहां से फरार हो गए, भागने के क्रम में एक अन्य आतंकी को पकड़ लिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट 2 अप्रैल से रोजाना करेगा सुनवाई

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली सीलिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट अब यह तय करेगा कि सीलिंग और अवैध निर्माण के लिए 2006 में लाया गया स्पेशल प्रोविशन एक्ट वैध है या नहीं। साथ ही उसमें 2006 से 2017 तक लाए गए संशोधन वैध है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने एमिकस क्यूरी रंजीत कुमार को कहा कि सीलिंग और अवैध निर्माण के लिए 2006 में लाए गए स्पेशल प्रोविशन एक्ट और उसमें 2006 से 2017 तक लाए गए।

नाराज सुको का शिवराज सरकार से सवाल, क्या एक रेप की कीमत 6500 रुपए है

नई दिल्ली (एजेंसी)।

सुप्रीम कोर्ट ने रेप के मामलों के प्रति मध्य प्रदेश सरकार के रवैये पर हैरानी जाहिर करते हुए सवाल किया कि क्या एक रेप की कीमत 6500 है ।

कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि यौन उत्पीड़न के पीड़ितों को इतनी कम राशि देकर क्या आप खैरात बांट रहे हैं शीर्ष अदालत ने कहा कि वह हतप्रभ है कि मध्य प्रदेश, जो निर्भया कोष योजना के तहत केन्द्र से अधिकतम धन प्राप्त करने वाले राज्यों में है, प्रत्येक रेप पीड़ित को सिर्फ 6000-6500 रूपये ही दे रहा है।

बता दें कि दिल्ली में 16 दिसंबर, 2012 को हुए सनसनीखेज सामूहिक रेप और हत्याकांड की घटना के बाद महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकारों और गैर सरकारी संगठनों को आर्थिक मदद देने के लिए केन्द्र ने 2013 में निर्भया कोष योजना की घोषणा की थी।

जस्टिस मदन बी। लोकूर और जस्टिस दीपक गुप्ता की पीठ ने मध्य प्रदेश सरकार के हलफनामे का अवलोकन करते हुए कहा, आप और आपके चार हलफनामों के अनुसार आप रेप पीड़ित को औसतन छह हजार रूपए दे रहे हैं। आप की नजर में रेप की कीमत

6500 रूपए है पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए सवाल किया, मध्य प्रदेश के लिए यह बहुत ही अच्छा आंकड़ा है। मध्य प्रदेश में 1951 रेप पीडित हैं और आप उनमें से प्रत्येक को 6000-6500 रूपये तक दे रहे हैं। क्या यह अच्छा है, सराहनीय है यह सब क्या है यह और कुछ नहीं सिर्फ संवदेनहीनता है। पीठ ने कहा कि निर्भया कोष के अंतर्गत सबसे अधिक धन मिलने के बावजूद राज्य सरकार ने 1951 रेप पीड़ितों पर सिर्फ एक करोड़ रूपए ही खर्च किए हैं। हरियाणा सरकार को भी सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी का सामना करना पड़ा क्योंकि उसने निर्भया कोष के बारे में विवरण के साथ अपना हलफनामा दाखिल नहीं किया था। शीर्ष अदालत ने पिछले महीने ही सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया था। उन्हें इसमें यह भी बताना था कि निर्भया कोष के अंतर्गत पीड़ितों के मुआवजे के लिए कितना धन मिला और कितनी पीड़ितों में कितनी राशि वितरित की गई। कम से कम 24 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को अभी भी अपने हलफनामे दायर करने हैं।

सुनवाई के दौरान जब हरियाणा के वकील ने कहा कि वे अपना हलफनामा दाखिल करेंगे तो पीठ ने टिप्पणी की, अगर आपने हलफनामा दाखिल नहीं किया है तो यह बहुत ही स्पष्ट संकेत है कि आप अपने राज्य मे महिलाओं की सुरक्षा के बारे में क्या महसूस करते हैं। न्यायालय (शेष पेज 2 पर)

पीएनबी घोटाला:नीरव के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

नीरव के 17 ठिकानों पर छापे 5100 करोड़ की संपत्ति जब्त

देहरादून(एजेंसी)।

प्रवर्तन निदेशालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में हुये लगभग 11,400 करोड़ रुपये के फर्जी लेनदेन के मामले में आज में मुख्य आरोपी नीरव मोदी और गीतांजिल जेम्स के 17 परिसरों पर छापेमारे की कार्रवाई करते हुये 5,100 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है।

निदेशालय ने बताया कि सुबह राजधानी दिल्ली, मुंबई, सूरत और कई स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गयी। कुल मिलाकर उसने 17 स्थानों पर छापेमारी की और तलाशी ली जिसमें 5,100 करोड़ रुपये का सोना, हीरे और जवाहरात जब्त किये गये हैं। निदेशालय ने नीरव मोदी के कुला स्थित आवास के

साथ ही काला घोड़ा स्थित ज्वेलरी बुटिक, बांद्रा और लोवर परेल स्थिति तीन ठिकानों के साथ ही सूरत में तीन स्थानों और राजधानी दिल्ली के चाणक्यपुरी और डिफेंस कॉलोनी स्थित शो रूम में भी छापे मारे। अधिकारियों का कहना है कि तलाशी अभियान अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है क्योंकि उन्हें इस घोटाले से जुड़े दस्तावेजों की तलाश है। निदेशालय को आशंका है कि नीरव मोदी ने बैंकिंग तंत्र के साथ मिलकर विदेशों में हवाला का काम किया है और आयात के कागजात दिखाये हैं। निदेशालय इसकी भी जांच कर रहा है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा नीरव मोदी और अन्य के खिलाफ की कार्रवाई के आधार पर हवाला का मामला भी दर्ज किया है। नीरव मोदी इस समय देश में नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार नीरव मोदी ने 1 जनवरी को देश छोड़ दिया था। नीरव मोदी के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कर दिया गया है। सीबीआई ने बैंक की शिकायत पर नीरव मोदी और उनके सहयोगियों समेत कुल 6 लोगों के खिलाफ धोखाधडी और आपराधिक षडयंत्र और सरकारी पद के दुरूपयोग का (शेष पेज 2 पर)

मोदी को बख्शा नहीं जाएगा: रविशंकर

पंजाब नेशनल बैंक घोटाले मामले में कांग्रेस द्वारा केंद्र

सरकार पर लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए भाजपा ने कहा कि इसका मोदी सरकार से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि कांग्रेस ने पंजाब नेशनल बैंक घोटाले को लेकर जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किया है वह आपत्ति जनक है । उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को फोटो की राजनीति बंद कर तथ्यों को सही परिपेक्ष्य में रखना चाहिए न कि हर मामले को राजनीति (शेष पेज 2 पर)

पीएम से गले मिलकर मोदी ने लूटा देश

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने पीएनबी घोटाले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर करारा हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि इंडिया को लूटने वाले नीरव मोदी ने जिस गाईड का सहारा लिया उसके मुताबिक पहले पीएम मोदी को गले लगाना होता है और फिर उनके साथ

डावोस में नज़र आना होता है। वहीं वे आगे लिखते हैं कि फिर 12,000 करोड़ रुपए लूटने होते हैं और उसके बाद माल्या की तरह देश छोड़कर भाग जाना होता है। राहुल ने ट्वीट में लिखा है कि इन सबके बीच सरकार बस इतना करती है कि वो अपनी निगाहें मोड़ (शेष पेज 2 पर)

वाम और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू दिल्ली में दोस्ती, त्रिपुरा में कुश्ती नहीं चलेगी

शांतीर बाजार(एजेंसी)।

त्रिपुरा में हिंसा की राजनीति करने वाले वाम दल और कांग्रेस से यहां की जनता त्रस्त हो गई है। वे बीजेपी कार्यकताओं की हत्या कर रहे हैं।

यहां की जनता से किसी भी काम के लिए लेवी वसूलते हैं और जो पैसा केंद्र सरकार देती है उसे जनता के बीच नहीं पहुंचने देते हैं। ये सारे आरोप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगरतल्ला के शांतीर बाजार में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के दौरान लगाए।

पीएम मोदी ने कहा कि त्रिपुरा में बीजेपी के 10 से अधिक कार्यकर्ताओं को सरकार में बैठे लोगों ने और उनकी हिंसक मानसिकता ने, उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह हमारे एक युवा साथी की इन लोगों ने हत्या कर दी। उन्होंने वामदल के नेताओं को चेताते हुए कहा कि कानून आपको छोड़ने वाला नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि त्रिपुरा की जनता अब सरकार से हिसाब मांग रही है। उन्होंने कहा कि वाम दलों की उपलब्धी क्या है- ये वसूली करते थें। यहां पर कोई भी काम हो लोगों से लेवी वसूलते थें। यह लोकतंत्र नहीं है। पीएम मोदी ने जनता से ऐसे शासक को राज्य से उखाड़ फेंकने की अपील की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार 100 रुपये के खर्च में 80 रुपये भेजती है लेकिन वह यहां नहीं दिखता।

अपने भाषण के दौरान मोदी ने कांग्रेस और वामदल दोनों पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगया कि वह त्रिपुरा चुनाव में वामदलों को बचाने के लिए उसके खिलाफ चुनाव मैदान में खड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ये दिल्ली में दोस्ती करते हैं और यहां कुश्ती करते हैं। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में वाम के खिलाफ लड़ने वाली कांग्रेस पार्टी पं। बंगाल और केरल में साथ काम करते हैं। ये दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि इन लोगों की ऐसी विदाई करें कि ये वापस नहीं आ पाए। पीएम मोदी ने कहा कि यहां मजदूरी करने वाले को मिनिमल वेज क्यों नहीं (शेष पेज 2 पर)

चीन ने अरुणाचल दौरे का 'कड़ा विरोध' किया

चीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अरुणाचल प्रदेश दौरे का 'कड़ा विरोध' किया है। अरुणाचल को चीन दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा मानता है। चीन ने कहा कि वो भारत के साथ डिप्लोमैटिक प्रोटेस्ट दर्ज कराएगा। मोदी के आज अरुणाचल दौरे की खबरों के बारे में पूछने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुयांग ने कहा, ''चीन-भारत सीमा के सवाल पर चीन का रुख साफ है।'' सरकारी न्यूज़ एजेंसी शिन्हुआ ने गेंग के हवाले से खबर दी, ''चीन की सरकार ने कभी भी अरुणाचल प्रदेश को (भारत के हिस्से के तौर पर) मान्यता नहीं दी और वो भारतीय नेताओं के इस इलाके के दौरों का पूरी तरह विरोध करता है।'' उन्होंने कहा, ''हम भारतीय पक्ष के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराएंगे।'' गेंग ने कहा कि विवादों का सही तरीके से मैनेजमेंट करने के लिए भारत और चीन के बीच आम सहमति है, दोनों पक्षों के बीच बातचीत और विचार-विमर्श के जरिये जमीन विवाद सुलझाने पर काम कर रहे हैं। गेंग ने कहा, ''चीनी पक्ष भारतीय पक्ष से (शेष पेज 2 पर)

जो विकास कांग्रेस ने 50 साल में नहीं किया वो हमने कर दिखाया: शिवराज

शिवपुरी(काप्र)।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकास को लेकर कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने शाषणकाल में जो विकास कार्य किए हैं कांग्रेस वह 50 साल में भी नहीं कर पाई थी।

श्री चौहान ने एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इतना विकास करने के बाद भी अगर जनता उसको महत्व नहीं देगी तो लोगों का भरोसा उठ जाएगा।

मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय सांसद

एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे यहां से अनेक बार चुने गए लेकिन उन्होंने विकास को कभी महत्व नहीं दिया। भाजपा सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रखकर विकास कार्य किया। अब जनता की बारी है कि वह कोलारस उपचुनाव में विकास करने वाली सरकार को जिताए।

चौहान जब विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में चुनावी सभाओं को संबोधित करने पहुंचे तो उनका हेलीकॉप्टर देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वहीं कांग्रेस के स्टार प्रचारक सिंधिया भी क्षेत्र में जनसंपर्क में हैं। बता दें कि कोलारस में 24 फरवरी को मतदान होना है। यहां कांग्रेस विधायक रामसिंह यादव के निधन के कारण (शेष पेज 2 पर)

सत्ता में आने पर भाजपा बीपीएल परिवारों की महिलाओं को देगी मुफ्त नैपकिन

शिलांग । भाजपा ने गुरुवार को मेघालय के लिए दृष्टिपत्र जारी किया और वादा किया कि सत्ता में आने पर वह गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले (बीपीएल) परिवारों की महिलाओं के लिए मुफ्त सैनिटरी नैपकिन और दिहाड़ी मजदूरों को पेंशन देगी। मेघालय में 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए 27 फरवरी को चुनाव होंगे और उसका नतीजा तीन मार्च को आएगा। भाजपा 47 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसने किसी भी दल के साथ चुनाव पूर्व गठजोड़ नहीं किया है। रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जारी घोषणापत्र में भाजपा ने वादा किया है कि सत्ता में आने पर वह कोयला खनन पर रोक का समाधान निकालेगी क्योंकि इस पाबंदी के चलते हजारों परिवार प्रभावित हैं।भाजपा ने राज्य सरकार के कर्मचारियों से सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने का भी वादा किया। वह बड़े उद्योगों के वास्ते निवेश का माहौल बनाएगी ।

संसद सत्र से पहले स्थाई समिति की बैठक में गूंजा पीएनबी घोटाला

नई दिल्ली(एजेंसी)।

पीएनबी में घोटाले का मामला आज संसदीय स्थायी समिति की बैठक में भी गूंजा। बैठक में मौजूद सांसदों ने सरकार से पूछा कि बैंक आख़िर किस तरह इस नुकसान की भरपाई करेगा।

सांसदों ने ये भी जानना चाहा कि आख़िर इतने दिनों के बाद ये घोटाला कैसे सामने आया। उधर सरकार ने कहा कि इस घोटाले का असर दूसरे बैंकों पर नहीं पड़ेगा और नीरव मोदी की सम्पत्ति को देखते हुए बैंक को पैसा वापस लेने में दिक्कत नहीं होगी। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 5 मार्च से शुरू होना है। कांग्रेस सांसद वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता वाली इस समिति की बैठक में बैंकिंग सचिव राजीव कुमार भी मौजूद थे।बैठक में मौजूद विपक्षी सांसदों, वीरप्पा मोइली और भर्तहरी मेहताब के साथ साथ निशिकांत दुबे और राजीव चन्द्रशेखर जैसे एनडीए सांसदों ने भी ये मुद्दा उठाया। सांसदों ने मामले को गंभीर बताते हुए बैंकिंग सचिव से पूछा कि 2011 से जारी इतने बड़े घोटाले का पता लगने में इतना समय कैसे लग गया।

सांसद ये भी जानना चाह रहे थे कि हाल ही में सरकार की ओर से घोषित बैंक रिकैपिटलाइजेशन स्कीम से मिला पैसा तो इस घोटाले से बैंक को हुए नुकसान की पूर्ति में ही चला जाएगा। सूत्रों के मुताबिक़ बैंकिंग सचिव सांसदों के सभी सवालों का (शेष पेज 2 पर)

आरोप राम मंदिर का प्रस्ताव देने वाले मौलाना नदवी पर...

5 हजार करोड़ की घूस और राज्यसभा सीट मांगने का आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)।

अयोध्या में विवादित भूमि पर राममंदिर बनाने का प्रस्ताव रखने वाले मौलाना सलमान नदवी पर बड़ा आरोप लगा है। ये आरोप अयोध्या सद्भावना समिति के महासचिव अमरनाथ मिश्रा ने लगाया है।

अमरनाथ मिश्रा ने गीता की कसम खाकर मौलाना नदवी पर इस प्रस्ताव के लिए पांच हजार करोड़ की रिश्वत के साथ-साथ राज्यसभा की सदस्यता मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। इतना ही नहीं मौलाना नदवी पर मंदिर के पक्ष में प्रस्ताव देने के लिए 200 एकड़ जमीन मांगने का आरोप भी लगा है। हालांकि नदवी इन आरोपों से इंकार कर रहे हैं। श्री मिश्र के आरोपों से भड़के मौलाना नदवी ने कहा, कुछ लोग हैं जो देश की फिजा को ठीक नहीं होने देना चाहते हैं। मिश्रा के आरोप निराधार हैं। मेरे पास दौलत की कोई कमी नहीं है और जहां तक मस्जिद

बनाने की बात है तो मेरे एक इशारे पर अरबों रुपये चंदा जमा हो जाएंगे।। मौलाना सलमान नदवी पर गंभीर आरोप लगाने मिश्रा का दावा है कि एक दिन पहले भी नदवी का मैसेंजर उनके पास आया था। अमरनाथ मिश्रा अब भी अपने आरोपों पर अड़े हुए हैं। उनका कहना है कि नदवी के इंकार करने से कुछ नहीं होगा क्योंकि उनके पास सारे सबूत हैं। यह पहला मामला नहीं है जब मौलाना सलमान नदवी पर आरोप लगे हैं। इससे पहले सांसद असदुद्दीन ओवैसी नदवी पर बीजेपी के इशारे पर काम करने का आरोप लगा चुके हैं। मस्जिद के मुद्दई हाशिम अंसारी के बेटे इकबाल अंसारी ने कहां की यह लोग सस्ती राजनीति सस्ती लोकप्रियता झङ्क चैनल अपना चेहरा दिखाने और पैसे के लेनदेन से प्रेरित होकर मध्यस्ता करा रहे हैं। ऐसे लोगों पर सरकार को कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए इन को प्रतिबंधित करके कड़ी से कड़ी सजा देना चाहिए। राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के उत्तराधिकारी कमल नयन दास जी ने स्पष्ट किया कि अब सिर्फ राम मंदिर निर्माण की ही बात होगी।

आईएम के आतंकी को 25 दिन की पुलिस रिमांड

नई दिल्ली(एजेंसी)।

भारत-नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार संदिग्ध आतंकवादी को दिल्ली की एक कोर्ट ने पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार इंडियन मुजाहिद्दीन के आतंकवादी को मंगलवार की शाम कोर्ट में पेश किया गया था। पेशी के बाद कोर्ट ने उसे 25 दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार संदिग्ध आतंकवादी 2008 की बटला हाउस मुठभेड़ के दौरान फरार हो गया था। विस्फोट के अन्य कई मामलों में भी पुलिस को उसकी तलाश थी। भारत-नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली की एक अदालत ने उसे 25 दिन की पुलिस (शेष पेज 2 पर)